लोकमत समाचार

आईआईएम, नागपुर के शनिवार को हुए 7वें दीक्षांत समारोह में 250 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान किए गए. इनमें शामिल 2 छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया. दीक्षांत समारोह के बाद अपने डिग्री सर्टिफिकेट दिखाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए आईआईएम के विद्यार्थी. (समाचार पेज-2 पर) छाया : मुकेश कुकडे

लोकमत समाचार

₹64 लाख का सालाना सैलरी पैकेज

आईआईएम नागपुर का 7वां दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न

लोकमत समाचार सेवा

नागपुर : आईआईएम नागपुर के संचालक डॉ. भीमराया मैत्री ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया है कि माइक्रोसॉफ्ट, एचसीएल, जेपी मॉर्गन जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां संस्थान के छात्रों को प्लेसमेंट के मौके दे रही हैं और 64 लाख रुपए का सालाना पैकेज संस्थान के एक छात्र को मिला, जो अब तक का सबसे ज्यादा सैलरी पैकेज है. आईआईएम नागपुर ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौता किया है. आईआईएम नागपुर का सातवां दीक्षांत समारोह शनिवार को मिहान में संस्थान के शैक्षणिक परिसर में आयोजित किया गया. इस दौरान वे बोल रहे थे. सफलता पाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है दृढ़ संकल्प. अगर संकल्प दृढ़ है तो हर मुश्किल लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है. यह बातें ओयो रुम्स के सीईओ रितेश अग्रवाल ने आईआईएम के छात्रों से कही. उन्होंने आगे कहा कि आप जो हासिल करना चाहते हैं, उस पर फोकस करें और उसे जीत लें. उन्होंने जमीन से जुड़े रहने और अपनी जड़ों को कभी न भूलने की भी सलाह दी. इस अवसर पर एचसीएल कंपनी के संस्थापक और एपिक फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय चौधरी मुख्य अतिथि थे.

आईआईएम नागपुर के 7वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते ओयो रुम्स के सीईओ रितेश अग्रवाल तथा मंचासीन आईआईएम नागपुर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष सी. पी. गुरनानी, संचालक डॉ. भीमराया मैत्री एवं अन्य. छाया: मुकेश कुकड़े

लघु उद्योगों का देश है भारत

रितेश अग्रवाल ने कहा कि भारत लघु उद्योगों का देश है और नए उद्यमियों को इस उद्योग से बहुत कुछ सीखना है. ऑनलाइन जुड़े एचसीएल कंपनी के संस्थापक अजय चौधरी ने कहा कि अगले 20-30 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध होंगे और भारत के युवाओं को उस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए. इसके लिए युवाओं को नई तकनीक के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करनी चाहिए. इस दौरान आईआईएम नागपुर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष सी. पी. गुरनानी व मुख्य रूप से उपस्थित थे. उन्होंने भी विद्यार्थियों को इस समय मार्गदर्शन किया.

अर्पिता और अनमोल ने जीता गोल्ड मेडल

दीक्षांत समारोह में छात्रा अर्पिता कुमारी व अनमोल अग्रवाल ने गोल्ड मेडल जीता. इस अवसर पर कुल 234 एमबीए की डिग्रियां वितरित की गईं.